# नौएडा एसईजेड के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 02.01.2025 को होने वाली बैठक की कार्यसूची

मद सं. 01. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्यवाही की समीक्षा |

मद सं.02. जुलाई से सितम्बर, 2024 एवं अक्टूबर से दिसम्बर, 2024 तिमाही में कार्यालय के कामकाज में राजभाषा के प्रयोग में प्रगति की समीक्षा |

मद सं.03. कार्यालय में हिंदी में काम करने में आ रही कठिनाईयों के बारे में विकास आयुक्त महोदय के साथ चर्चा की जा सकती है |

मद सं.04. हिंदी छमाही अप्रैल से सितम्बर, 2024 "प्रेरणा" पत्रिका के सातवें संस्करण के लिए कार्यालय में एक कार्यालय ज्ञापन 16.10.2024 जारी किया गया था जिसकी अंतिम तिथि 30.10.2024 रखी गयी थी और हिंदी तिमाही बैठक दिनांक 07.10.2024 में सयुक्त विकास आयुक्त, महोदय द्वारा सभी को अवगत कराया गया था की कार्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी/वरिष्ठ कार्यकारी/कार्यकारी स्टाफ सातवे संस्करण के लिए एक-एक लेख जल्द से जल्द देने का कष्ट करें | लेकिन इसके बाद भी कार्यालय के किसी अधिकारी/कर्मचारी/वरिष्ठ कार्यकारी/कार्यकारी स्टाफ से कोई लेख या कविता जमा नहीं किये गए उसके बाद कार्यालय में 25.11.2024 एक (अनुस्मारक) Reminder भी जारी किया गया था जिसके बाद भी कार्यालय के कुछ ही लोगों से प्रकाशन सामग्री चित्र यथा लेख, इत्यादि जमा कराए हैं | यदि विकास आयुक्त महोदय अनुमति प्रदान करें तो उक्त प्रकाशन सामग्री पत्रिका को छपवाने हेतु भेजी जा सकती है |

मद सं.05. पिछली तिमाही बैठक में कहा गया था की सभी अनुभाग प्रत्येक माह अपनी अपनी तिमाही रिपोर्ट हिंदी का कार्य देख रहे अधिकारी/कर्मचारी को जमा करें जिसके बाद तिमाही रिपोर्ट के आंकड़ो का सही आकलन किया जा सके और सही रिपोर्ट राजभाषा विभाग को भेजी जा सके इस पर किसी अनुभाग द्वारा तीनो माह में से किसी भी माह की रिपोर्ट नहीं दी गयी है | इस पर विकास आयुक्त महोदय द्वारा अनुभागों के अधिकारियों से चर्चा की जा सकती है |

मद सं.06. कार्यालय में प्रत्येक तिमाही में राजभाषा के दिशा निर्देश के अनुसार एक कार्यशाला/संगोष्ठी करायी जानी आवश्यक है पिछली तिमाही कार्यशाला करायी गयी थी इस तिमाही संगोष्ठी करायी जा सकती है | जिसके लिए राजभाषा विभाग द्वारा अंक प्रदान किये जाते है | इसलिए जनवरी माह में किसी भी दिन कार्यशाला/संगोष्ठी करायी जा सकती है इसके लिए राजभाषा का ज्ञान रखने वाले किसी अधिकारी को बुलाया जा सकता है |

मद सं.08. अध्यक्ष महोदय की अनुमती से कोई अन्य विषय |

<u>मद संख्या 1 और 2 पर कार्यवाही रिपोर्ट:-</u>

कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक सयुक्त विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 07.10.2024 को आयोजित की गई थी | पिछली तिमाही में सयुक्त विकास आयुक्त महोदय द्वारा कार्यालय के सभी अनुभागों को प्रत्येक माह आये पत्रों के आकड़ो का ब्यौरा हिंदी कार्य देख रहे अधिकारी/कर्मचारी को देने के लिए कहा गया था लेकिन इस पर किसी भी अनुभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी है | विकास आयुक्त महोदय द्वारा इस पर उप विकास आयुक्त महोदय/सहायक विकास आयुक्त महोदय से चर्चा की जा सकती है |

और बैठक में अन्य बातो के साथ यह निर्णय लिया गया था की सभी अधिकारीगण अपने-अपने अनुभागों में हिंदी नोटिंग बढ़ाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे | अपने-अपने अनुभागों से प्रत्येक तिमाही में रिपोर्ट धारा 3(3) के अंतर्गत पत्रादि द्विभाषी और नियम-5 के अंतर्गत हिंदी में जारी करेंगे |

कार्यालय के सदस्यगण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अपने-अपने अनुभागों में हिंदी के प्रयोग में आ रही कठिनाईयों और प्रगति के लिए किये गए उपायों पर विचार रख सकते है |